● bordernewsmirror@gmail.com
● पटना, दिल्ली व कोलकाता से एक साथ प्रसारित
● द्विभाषिक समाचार पत्र

02 तेजस्वी यादव यदि शेर के बेटा हैं, तो सुप्रीम कोर्ट में माफी क्यों मांग ली: सुशील मोदी

04 वाल्मीकिनगर की छात्रा ने एफएमजीई परीक्षा उतीर्ण की परिजनों में खुशी की लहर

# बॉर्डर न्यूज मिरर

...खबरों से समझौता नहीं



● पटना, बुधवार, 07 फरवरी 2024 | www.bordernewsmirror.com | ● पृष्ठ: 08, मूल्य: 5 रुपए ● वर्ष: 04, अंक: 349


# चावल सिर्फ 29 रुपये में होगा उपलब्ध: पीयूष गोयल

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की जनता की जरूरतों के प्रति हैं संवेदनशील

बीएनएम@नई दिल्ली



केंद्रीय खाद्य व सार्वजनिक वितरण व उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने आज मंगलवार को भारत नामक चावल से लदी 100 मोबाइल वैन रवाना किया।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की जनता की जरूरतों के प्रति संवेदनशील हैं। उनकी निगरानी में ही आवश्यक वस्तुओं की कीमत पर नियंत्रण रखा जा रहा है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में आज से भारत चावल सिर्फ 29 रुपये में उपलब्ध कराया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत सरकार किसानों के साथ-साथ देश के लोगों के कल्याण के लिए किसानों से आवश्यक वस्तुएं खरीदती है और जरूरत होने पर उपभोक्ताओं को रियायती दरों पर बेचती है। 'भारत' चावल की खुदरा बिक्री शुरू होने से बाजार में सस्ती दरों पर आपूर्ति बढ़ेगी और इसके कीमतों में निरंतर कमी लाने में मदद मिलेगी। इस मौके पर केंद्रीय मंत्रियों ने आज इस चावल की बिक्री 5 लाभार्थियों को 5 किलो के पैक देकर की।

सरकारी प्रवक्ता के मुताबिक इस चावल की बिक्री भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ मर्यादित (नेफेड) और भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ (एनसीसीएफ) के साथ ही केंद्रीय भंडार के आउटलेट और प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफार्म के माध्यम से की जाएगी। भारत चावल 29 रुपये के किलो भाव पर 5 और 10 किलो पैक में उपलब्ध होगा। पहले चरण में सरकार ने खुदरा बाजार में बिक्री के लिए 5 लाख टन चावल आवंटित किया है।

सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा बेचा जा रहा भारत चावल देशभर में चावल की औसत खुदरा कीमत से काफी सस्ता है।

केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के विभाग के आंकड़ों के अनुसार देशभर में चावल की औसत कीमत 43.98 रुपये किलो है, जबकि भारत चावल की कीमत 29 रुपये किलो है। इस तरह भारत चावल औसत खुदरा कीमत से 15 रुपये किलो है, यह 34 फीसदी सस्ता है। देशभर में चावल की औसत खुदरा कीमत आज 43.98 रुपये किलो दर्ज की गई। पिछले साल की तुलना में चावल के औसत खुदरा दाम में 13.64 फीसदी इजाफा हुआ है।

## भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगायेगी सरकार : शाह

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार ने समूची भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने का निर्णय लिया है और वह सीमाओं को अभेद्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री शाह ने मंगलवार को यहां एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सरकार ने पूरी 1643 किलोमीटर लंबी भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि सीमा पर बेहतर निगरानी की सुविधा के लिए सीमा पर एक गश्ती ट्रैक भी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीमा की कुल लंबाई में से मणिपुर के मोरेह में 10 किमी की दूरी पर पहले ही बाड़ लगाई जा चुकी है। इसके अलावा, हाइब्रिड सर्विलांस सिस्टम (एचएसएस) के माध्यम से बाड़ लगाने की दो पायलट परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। इसके तहत अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर में प्रत्येक 1 किमी की दूरी पर बाड़ लगायी जायेगी।

## कृष्णैया हत्याकांड: सुप्रीम कोर्ट ने आनंद मोहन को पासपोर्ट जमा करने को कहा

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने 1994 में बिहार के गोपालगंज के तत्कालीन जिला अधिकारी जी. कृष्णैया की निर्मम हत्या मामले में उम्रकैद के दोषी पूर्व सांसद आनंद मोहन सिंह को अपना पासपोर्ट स्थानीय पुलिस थाने में जमा कराने के और हर 15 दिन पर वहां अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का मंगलवार को निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने कृष्णैया की विधवा तेलुगू उमादेवी कृष्णैया की रिट याचिका पर केंद्र सरकार को अपना जवाबी हलफनामा देने का आखिरी मौका देते हुए यह निर्देश दिया।

पीठ ने आपना आदेश पारित करते हुए कहा, "प्रतिवादी (आनंद मोहन) को अपना पासपोर्ट तत्काल स्थानीय पुलिस स्टेशन में जमा कराने के साथ-साथ हर 15 दिन पर वहां अपनी उपस्थिति दर्ज करना चाहिए।"



याचिका में आनंद मोहन को उम्र कैद की पूर्व निर्धारित सजा पूरी होने से पहले रिहा करने के फैसले को चुनौती दी गई है।

बिहार सरकार ने 10 अप्रैल 2023 को 10 दिसंबर 2002 के बिहार जेल नियमावली में संशोधन किया। इसके बाद राज्य सरकार ने बाहुबली नेता माने जाने वाले आनंद मोहन को 24 अप्रैल 2023 को जेल से रिहा करने का आदेश सहरसा जिला प्रशासन को दिया था। आदेश के बाद जेल प्रशासन ने 27 अप्रैल को उन्हें रिहा कर दिया था।

मृतक की विधवा उमादेवी ने पिछले साल मई में आनंद मोहन की रिहाई करने के फैसले और जेल नियमावली संशोधन के खिलाफ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। याचिकाकर्ता ने आनंद मोहन के अलावा राज्य सरकार, केंद्र सरकार और अन्य को भी प्रतिवादी बनाया था। तेलंगाना निवासी भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 1985 कैडर के 37 वर्षीय अधिकारी कृष्णैया की मुजफ्फरपुर जिले में स्थानीय गैंगस्टर छोटन शुक्ला के अंतिम की अंतिम यात्रा में शामिल भीड़ में से कुछ लोगों को पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। जिला अधिकारी के वाहन को उस शव यात्रा से आगे ले जाने की कोशिश करने पर भीड़ ने पीट-पीट कर मार दिया था।

आनंद मोहन को पांच अक्टूबर 2007 को निचली अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी। इस फैसले के खिलाफ दायर आनंद मोहन की अपील पर 10 दिसंबर 2008 को पटना उच्च न्यायालय राहत देते उन्हें दी गई मौत की सजा को कठोर उम्र कैद बदल दिया था। उच्च न्यायालय के इस फैसले की 10 जुलाई 2012 को शीर्ष न्यायालय न्यायालय ने पुष्टि की थी।

## हर व्यक्ति को लाभ पहुंचाना ही, सही धर्मनिर्पेक्षता, सामाजिक न्याय : मोदी

पणजी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि उनके लिए सच्ची धर्मनिर्पेक्षता और सच्चे सामाजिक न्याय का अर्थ है कि हर पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित हो और उनकी सरकार इसकी गारंटी देती है। श्री मोदी 'विकसित भारत, विकसित गोवा 2047' कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य में 1,330 करोड़ रुपये की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करने के बाद एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इन योजनाओं में गोवा में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के स्थायी कैंपस, और राष्ट्रीय जलक्रीड़ा संस्थान के नये कैंपस का उद्घाटन तथा दस करोड़ लीटर के दैनिक क्षमता के जलशोधन संयंत्र की आधारशिला भी शामिल है। उन्होंने रोजगार मेला कार्यक्रम के तहत सरकार के विभिन्न विभागों में चुने गये 1930 अभ्यर्थियों को नियुक्त पत्र भी वितरित किये।

प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में हर घर नल से जल, बिजली कनेक्शन, रसोई गैस कनेक्शन और हर घर में शौचालय की सुविधा जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुये कहा, "जब सैचुरेशन होता है (जब सभी लोग संतृप्त होते हैं) तो लोगों को अपना हक पाने के लिए रिश्वत नहीं देनी होती। इसलिए मैं बार-बार कहता हूं कि सैचुरेशन ही सच्चा सेकुलरिज्म (धर्मनिर्पेक्षता) है। सैचुरेशन ही सच्चा सामाजिक न्याय है। यही सैचुरेशन, गोवा को, देश को, मोदी की गारंटी है।" श्री मोदी ने कहा, "कुछ दिन पहले जो बजट आया है, उसमें भी संपूर्ण संतृप्ति के, गरीब से गरीब की सेवा के हमारे संकल्प को मजबूती दी है।

**फैसला** निर्वाचन आयोग ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी पर लिया निर्णय

## राकांपा का नाम व निशान अजीत को मिला

नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नाम और चुनाव निशान पर अजीत पवार गुट का दावा मंजूर किया है। आयोग के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को कहा, "छह महीने से अधिक समय में 10 से अधिक तारीखों पर सुनवाई के बाद अजीत पवार को राकांपा का नाम और निशान आवंटित किया गया है।"

अजीत पवार और शरद पवार खेमे के बीच विवाद पर 140 पृष्ठ के फैसले में मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ,आयुक्त अनूप चंद पांडेय और अरुण गोयल ने कहा है कि अजीत पवार गुट को राकांपा का घड़ी चिह्न इस्तेमाल करने की छूट होगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त सहित तीनों आयुक्तों के हस्ताक्षर से मंगलवार शाम जारी निर्णय में आयोग अजीत पवार गुट की उस अर्जी को विधायिका में बहुमत के सिद्धांत के आधार पर स्वीकार किया है जिसमें उन्होंने नाम और चुनाव चिह्न का दावा किया था।

आयोग ने शरद पवार गुट को महाराष्ट्र से राज्य सभा की छह सीटों के द्विवार्षिक चुनाव के लिये अपने दल के लिये नये नाम और चुनाव चिह्न का आवेदन करने के लिये बुधवार सात फरवरी अपराह्न चार बजे तक का समय दिया है। ऐसा न करने पर शरद पवार गुट के प्रत्याशियों को निर्दलीय उम्मीदवार माना जायेगा। आयोग के प्रवक्ता ने कहा कि संगठन के विवादास्पद चुनाव को देखते हुये विधायी बहुमत से चुनाव निशान पर दावा सिद्ध होता है। आयोग ने इस कसौटी पर पाया है कि राकांपा के कुल 81 में से 51 विधायक अजीत पवार के साथ थे। आयोग ने यह भी कहा है कि संगठन में बहुमत और संगठन के लक्ष्य और उद्देश्य जैसी कसौटियों पर इस मामले में कोई स्पष्ट निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता था। उल्लेखनीय है कि इस मामले में उच्चतम न्यायालय ने विधानसभा अध्यक्ष को अयोग्यता संबंधी याचिकाओं पर 31 जनवरी 2024 तक निर्णय करने का समय दिया था। बाद में इसे बढ़ाकर 15 फरवरी कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि अजीत पवार गुट शरद पवार गुट से अलग होकर महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली भाजपा और शिवसेना सरकार में शामिल हो गया है।




# राजद के प्रो. रामबली सिंह की विधान परिषद सदस्यता समाप्त

**बीएनएम@पटना**

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के बिहार विधान परिषद सदस्य प्रोफेसर रामबली सिंह के दल विरोधी आचरण को लेकर आज उनकी सदस्यता समाप्त कर दी गई.

विधान परिषद सचिवालय की ओर से मंगलवार को जारी अधिसूचना में कहा गया है कि सभापति देवेशचंद्र ठाकुर ने दल विरोधी आचरण को लेकर राजद की ओर से दिए गए पत्र पर संज्ञान लेते हुए प्रो. रामबली सिंह की सदस्यता समाप्त कर दी है.



सभापति ने आज ही इस मामले पर अपना फैसला सुनाया है. रामबली चंद्रवंशी के खिलाफ राजद ने शिकायत दर्ज करायी थी, जिसके बाद सभापति ने यह फैसला सुनाया है.

इस मामले में 16 जनवरी को हुई आखिरी सुनवाई के बाद सभापति ने फैसला सुरक्षित रख लिया था. रामबली सिंह के खिलाफ यह कार्रवाई संविधान के अनुच्छेद 191 (2) व 10वीं अनुसूची के पैरा 2(क) के प्रावधानों और बिहार विधान परिषद के दल विरोधी नियमों के तहत की गई है.

### 28 जून, 2026 तक थी सदस्यता

सभापति देवेश चंद्र ठाकुर ने अपने 11 पन्ने के फैसले में रामवली सिंह के उपर उनके ही दल के उप मुख्य सचेतक सुनील कुमार सिंह द्वारा लगाये गये आरोप और इसके जवाब में डा सिंह के जवाब तथा पूर्व के फैसलों का हवाला देते हुए सदस्यता समाप्ति का आधार बताया है. प्रो डा रामवली सिंह को राजद से 2020 में विधान परिषद का सदस्य बनाया गया था. इनका कार्यकाल 28 जून, 2026 तक था.


### कोर्ट जाएंगे रामबली

हालांकि, प्रो. सिंह इसे सदस्यता रद्द करने का इकलौता कारण नहीं मानते हैं। उन्होंने कहा कि वे इस पूरे प्रकरण को न्यायालय में चुनौती देंगे। सदस्यता रद्द करने के तीन कारण होते हैं- व्हीप का उल्लंघन, दल विरोधी आचरण और स्वेच्छा से दल का परित्याग। उनके मामले में इनमें से एक भी कारण नहीं है।

## भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ ने लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने पर जताई खुशी

अररिया। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा बिहार के अति पिछड़ों के मसीहा जननायक कर्पूरी ठाकुर एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित करने के निर्णय पर भाजपा ओबीसी मोर्चा ने खुशी प्रकट करते हुए प्रधानमंत्री के फैसले के प्रति कृतज्ञता प्रकट की।

भाजपा अति पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नजरें सभी दिशाओं मे है। वे विकास कार्यों से लेकर भारत देश को दुनिया मे सर्वश्रेष्ठ देश के रूप मे भी विकसित करने के कार्य करने मे लगे हुए है।जिलाध्यक्ष ने बताया की कर्पूरीजी एवं आडवाणीजी को भारत रत्न देकर देश के मान सम्मान को बढ़ाने का काम प्रधानमंत्री ने किया है।जिसे युगों युगों तक याद रखा जाएगा। भारत रत्न के निर्णय पर दिलीप पटेल के अलावे ख़ुशी जाहिर करने वालों मे जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कनोजिया, अरुण



मंडल, जिला मंत्री बिनोद विश्वास, बमबम,राजेंद्र मंडल,वार्ड पार्षद नंदन ठाकुर,मंडल अध्यक्ष नरेश विश्वास,शैलेन्द्र विश्वास, सोनू कुमार, अजय साह,उमेश मंडल, बबलू मंडल,संतोष मंडल, बिनोद पैक, फूलन साह, सोहन लाल मंडल, जायमोद मंडल आदि हैं।

# तेजस्वी यादव यदि शेर के बेटा हैं, तो सुप्रीम कोर्ट में माफी क्यों मांग ली: सुशील

पटना। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने कहा कि यदि तेजस्वी प्रसाद यादव अपने को शेर का बेटा बताते हैं, तो गुजरातियों को ठग बताने वाली अमर्यादित टिप्पणी के लिए उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर माफी क्यों मांग ली?

सुशील मोदी ने मंगलवार को कहा कि विधानसभा की सदस्यता समाप्त होने के डर से तेजस्वी यादव ने भी राहुल गांधी की तरह लिखित क्षमा याचना कर अपनी गर्दन बचा ली। यदि वे लालू प्रसाद के पुत्र होने का दंभ भरते हैं और बड़बोले बयान देते हैं, तो झुकने की बजाय अपनी बात पर अड़े रहते और कोर्ट के फैसले का सामना करते।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने भी प्रधानमंत्री को र्चौकीदार चोर हैर् कहा था और उन्हें भी सुप्रीम कोर्ट में माफी मांगनी पड़ी थी।तेजस्वी यादव के उपमुख्यमंत्री पद से हटने के बाद भी 5, देश रत्न मार्ग वाला सरकारी बंगला खाली न करने पर उन्हें सुप्रीम कोर्ट की फटकार सुननी पड़ी थी और 50 हजार रुपये का जुर्माना भी भरना पड़ा था।

उन्होंने कहा कि गैरजिम्मेदाराना बयान देने और फिर कोर्ट में माफी मांग कर सजा से बच निकलने की प्रवृत्ति पर प्रभावी अंकुश कैसे लगे, इस पर देश की शीर्ष न्यायपालिका को गंभीरता से विचार करना चाहिए । जो लोग लोकतंत्र बचाने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, वे ही अपने अमर्यादित और द्वेषपूर्ण बयानों से लोकतंत्र को बार-बार कलंकित कर रहे हैं।

### कल्याण पदाधिकारी बनने पर आनंद मोहन ने जताया हर्ष

सहरसा। पूर्व सांसद आनंद मोहन ने मंगलवार को कोशी चौक स्थित शंकर सिंह की ज्येष्ठ पुत्री विद्या रानी की सफलता पर उन्होंने व्यक्तिगत तौर पर मिलकर बधाई और शुभकामनाएं दी।ज्ञात हो कि सुश्री विद्या कुमारी विगत दिनों 68 वीं बीपीएससी प्रतियोगिता परीक्षा में उत्तीर्ण हुई हैं। जिन्हें 306 वां रैंक हासिल हुआ है।इस आधार पर उन्हें कल्याण विभाग आवंटित किया गया है। विभाग में योगदान के उपरांत उन्हें प्रशिक्षण में भेजा जाना है। सामान्य परिवेश में अध्ययन रत रहकर बगैर कोचिंग के सहायता मिली इस सफ़लता पर पूर्व सांसद ने मां - पिताजी सहित सुश्री विद्या के स्वर्णिम भविष्य की कामना की है।वही विद्या नें भी पूर्व सांसद के प्रति आभार व्यक्त किया।

**सदन** | सरकार इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए लेकर आई नई पॉलिसी

# कैबिनेट की बैठक में 14 प्रस्तावों पर लगी मुहर

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 14 प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई। राज्य सरकार इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए नई पॉलिसी लेकर आई है। इंजीनियरिंग छात्रों को सरकार अब दस हजार रुपये स्टाइपेंड देगी। इंटर्नशिप पर यह राशि दी जायेगी। बी-टेक के सातवें सेमेस्टर में इंटर्नशिप करने पर राशि मिलेगी। साथ ही विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्रीय कार्यालय में ग्रुप डी के आवेदन के लिए कोई शुल्क नहीं लगेगा। तीन लाख 46 हजार 777 आवेदन कर्ताओं को इसका लाभ मिलेगा।

बिहार सरकार राज्यभर में 2165 पंचायत भवन बनाएगी। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 1083 और सामान्य क्षेत्रों में 1082 भवन बनेंगे। इसपर कुल छह हजार करोड़ 10 लाख 38 हजार 707 रुपये खर्च होंगे। नीतीश कैबिनेट



ने उद्योग विभाग के अंतर्गत एक्स सलेरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस के तहत सूक्ष्म, लघु, एवं मध्यम उद्यमों के क्षमता वर्धन एवं कोरोना वैश्विक महामारी के कारण पड़े दुष्प्रभाव को कम करने के लिए विश्व बैंक समर्थित सेंट्रल योजना रैंप के तहत 140.74 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति एवं संविदा आधारित पदों के सृजन की स्वीकृति दी है।

सरकार ने पटना स्थित एनआईटी में इंक्यूबेशन सेंटर के निर्माण के लिए और अन्य कार्यों के लिए कुल 47.76 करोड़ की राशि की स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले दिनों एनआईटी के कार्यक्रम के दौरान एनआईटी में इंक्यूबेशन सेंटर बनाने का ऐलान किया था। इस पर कैबिनेट ने स्वीकृति दे दी है।



M.S. MEMORIAL PUBLIC SCHOOL
BALGANGA, ARERAJ ROAD, MOTIHARI
Contact No.- 9939047109, 9431203674

# बगहा के धनहा मार्ग में 34 किलो 984 ग्राम चरस के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

बगहा। बगहा पुलिस जिला को नवागत पुलिस अधीक्षक सुशांत कुमार सरोज को बड़ी उपलब्धि मिली हैं।बगहा पुलिस जिला के धनहा थाना क्षेत्र से 34 किलो 984 ग्राम चरस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। दूसरी तरफ टॉप टेन कुख्यात वांछित अपराधी रांची राम उर्फ राजेश राम को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

बगहा पुलिस अधीक्षक सुशांत सिंह सरोज ने अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बताया कि चौतरवा- धनहा मुख्य मार्ग में बीते सोमवार की दोपहर धनहा थाना द्वारा रतवल चेक पोस्ट पर वाहनों का संघन वाहन जाँच अभियान चलाया गया।इस दौरान जाँच के क्रम में चौतरवा की तरफ से आ रही राज ट्रेवल्स बस नंबर यूपी53Gटी0751 को पुलिस बल के सहयोग से रोकने का ईशारा किया गया तो बस के रुकते ही एक व्यक्ति काले रंग का बैग लेकर भागने का प्रयास किया, जिसे पुलिस बल के सहयोग से पकड़ लिया गया और उक्त व्यक्ति का तलाशी किया गया, तो उसके बदन से एक काले रंग का कपड़ा का पिट्ठू बैग बरामद हुआ। बस की तलाशी लेने पर सीट के नीचे से संदिग्ध दो पिट्ठु बैग बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि करीब साढे दस बजे एक गुप्त सुचना मिली कि राज ट्रेवल्स जिसका रजि0नं0-यूपी53Gटी0751 से एक व्यक्ति चरस लेकर बेतिया से गोरखपुर जा रहा है,उक्त सूचना के सत्यापन एवं छापामारी हेतु अद्योहस्ताक्षरी के द्वारा गठित विशेष टीम- पुलिस निरीक्षक धनहा अंचल,मधुबनी अंचल अधिकारी,धनहा थानाध्यक्ष, पुलिस अवर निरीक्षक अमिताभ नयन राय तथा पुलिस बल के साथ धनहा थाना द्वारा रतवल चेक पोस्ट पर वाहनों का सघन जाँच किया जा रहा था।जिस दौरान 34 किलो 984 ग्राम चरस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया, उसके साथ पैड मोबाईल भी बरामद किया गया। गिरफ्तार की पहचान रितेश पटेल पिता जवाहिर पटेल साकिन बेहरा, थाना-सिकटा, जिला-प0 चम्पारण के रूप में की गई है। गिरफ्तार आरोपी रितेश पटेल के विरुद्ध धनहा थाना काण्ड संख्या-29/24, दिनांक-06.02.2024, धारा-8/20 (b) (11) (c) N.D.P.S.एन.डी.पी.एस एक्ट अंकित कर अग्रत्तर कारवाई की जा रही हैं।

दूसरी तरफ नवागत एसपी सुशांत कुमार सरोज ने बताया कि टॉप टेन अभियुक्त रांची राम उर्फ राजेश राम के बंजरिया मोतिहारी में छिपने में सूचना प्राप्त होने पर एसटीएफ पटना टीम के सहयोग से सोमवार को 25000/रु० का ईनामी एवं कुख्यात वांछित अपराधी (टॉप-10) रांची राम उर्फ राजेश राम को गिरफ्तार किया गया हैं।

## मोतिहारी पुलिस ने 101 कार्टन विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को किया गिरफ्तार

मोतिहारी। जिला पुलिस टीम ने भोपतपुर ओ.पी थाना क्षेत्र से 101 कार्टन विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है इसकी जानकारी देते एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने बताया कि गुप्त सूचना पर एएसपी शिखर चौधरी के नेतृत्व में गठित टीम ने भोपतपुर ओ.पी. क्षेत्र के बझिया चंवर स्थित एक फर्जी डॉक्टर के घर से छुपाकर रखे गये 101 कार्टन (872.64 ली0) विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तस्कर की पहचान अंजनी कुमार गिरी, थाना-भोपतपुर ओ.पी. जिला-पूर्वी चंपारण, के रूप में हुई है। इस संदर्भ में कोटवा थाना (भोपतपुर ओ०पी०) में कांड दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।छापामारी टीम में एएसपी सदर शिखर चौधरी,भोपतपुर ओपी प्रभारी आरजू सुमैया व सशस्त्र बल शामिल थे।

## पांच प्याज तस्कर वाहन सहित गिरफ्तार

**मोतिहारी।** मंगलवार को एसएसबी 71वी बटालियन महुअवा के द्वारा भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र से भारी मात्रा में नेपाल ले जाते प्याज, दो पहिया वाहनों के साथ पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते हुए एसएसबी 71वी बटालियन के इंस्पेक्टर विनीत सिंह ने बताया कि प्याज की तस्करी की सूचना के बाद बॉर्डर पर तैनात एसएसबी जवानों के द्वारा काफी मात्रा में प्याज, खाद व भारतीय व नेपाली नंबर के मोटरसाइकिल जब्त किए गए है। वही पांच नेपाली तस्कर भी गिरफ्तार किए गए है। उन्होंने बताया कि पिलर संख्या 376 के पास पांच सौ मीटर के आसपास से मोटरसाइकिल से ले जाते 3500 किलो प्याज, 7 बोरा यूरिया, 1 बोरा डीएपी 1 जब्त किया गया। वही तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल की जब्ती से तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।

## दिनदहाड़े स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंस कर्मी से किया 2.25 लाख की लूट

मोतिहारी। जिले के हरसिद्धि- सेवराहा सड़क मार्ग पर बनछीवली पुल के समीप अपराधियो ने मंगलवार को दिनदहाड़े एक फाइनेंस कर्मी से हथियार के बल पर करीब 2.25 लाख रुपये लूट कर मौके से भागने में सफल रहे।

दो बाइक पर सवार चार अपराधियो ने इस घटना के अंजाम दिया है। लूट के शिकार फाइनेंस कर्मी संदीप कुमार स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंस के फील्ड ऑफिसर बताये गये है। मिली जानकारी के अनुसार फील्ड ऑफिसर संदीप क्षेत्र के महिला समूह से ऋण की किस्त की राशि वसूली कर अपने बाइक से हरसिद्धि शाखा में जमा करने जा रहे थे। इसी दौरान दो बाइक पर सवार चार अपराधियो ने ओवरटेक कर पिस्टल के नोक वसूली गई करीब 2.25 लाख रूपया लूट कर भाग खड़े हुए।

पीड़ित फील्ड आफिसर संदीप ने बताया कि लूट की घटना वहां खड़े ग्रामीण देख रहे थे। अगर ग्रामीण मुझे सहयोग करते लुटेरे पकड़े जाते। लेकिन ग्रामीण मूकदर्शक बने रहे। उन्होने बताया कि अपराधी एक अपाची व दूसरा राइडर बाइक पर सवार थे।

## प्रधानाध्यापक को निलंबित किये जाने का निर्देश

**बेतिया।** बगहा-01 प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बांसगांव परसौनी में दिनांक 05.02.2024 को मध्याह्न भोजन खाने से बच्चे बीमार हुए थे। चिकित्सकों द्वारा समुचित ईलाज करने पर सभी बच्चे स्वस्थ हैं और अपने घर चले गए हैं।

जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने इस घटना को अत्यंत ही गंभीरता से लिया है। तत्काल प्रभाव से उक्त विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुजीत कुमार राम को निलंबित किये जाने का आदेश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया है। साथ ही इनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही भी संचालित करने का निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया है।

ज्ञातव्य हो कि जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा समर्पित किये गए जाँच प्रतिवेदन में विद्यालय प्रबंधन की उदासीनता एवं लापरवाही सामने आयी है। जांचोपरांत प्रभारी प्रधानाध्यापक दोषी पाए गए हैं। इस घटना से जिला प्रशासन की छवि धूमिल हुई है।

इसी परिप्रेक्ष्य में जिलाधिकारी ने बगहा-01 प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, टोला परसौनी के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुजीत कुमार राम को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी तथा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, एमडीएम को सख्त निर्देश दिया है कि मध्याह्न भोजन संचालन में किसी भी प्रकार की कोताही एवं लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विभागीय दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन कराना सुनिश्चित किया जाय।

जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि कार्य में लापरवाही, उदासीनता को लेकर उक्त विद्यालय के रसोइया को भी हटा दिया गया है।

**प्रयास** | फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की सफलता के लिए करें जागरूक

## स्कूलों में बूथ लगाकर खिलाई जाएगी सर्वजन दवा

**मोतिहारी।** समाहरणालय मोतिहारी अवस्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद सभागार में अपर समाहर्ता,आपदा की अध्यक्षता में सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम की सफलता को लेकर जिलास्तरीय समन्वय समिति की बैठक हुई।

बैठक में सिविल सर्जन डॉ श्रवण कुमार पासवान और डीवीडीसीओ डॉ शरत चंद्र शर्मा ने पी पी टी के माध्यम से कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की सफलता में जनजागरूकता बेहद जरूरी है, इसके लिए उन्होंने पदाधिकारियों को लगातार प्रचार प्रसार करवाने का निर्देश दिया।

इस मौके पर उपस्थित सहयोगी संस्थाओं, आईएमए, अंजुमन इस्लामिया, आईसीडीएस, जीविका, पंचायती राज, शिक्षा विभाग व अन्य सभी अधिकारियों को जिले के सभी प्रखंडों में 10 फ़रवरी से शुरू हो रहे सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम में बारे में लोगों को जागरूक करते हुए सहयोग करने का निर्देश दिया। फाइलेरिया (हाथी पाँव) रोग से बचाव को निर्धारित आयु वर्ग के लोगों को दवा का सेवन कराना जरूरी है।

डब्लूएचओ की ज़ोनल कोऑर्डिनेटर डॉ माधुरी देवराजू ने कहा कि फाइलेरिया का परजीवी स्वस्थ व्यक्ति के शरीर के भीतर भी हो सकता है, जिससे बचने के लिए साल में एकबार फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन जरूरी है। सिविल सर्जन डॉ श्रवण कुमार पासवान ने बताया कि 02 वर्ष से ऊपर के सभी स्वस्थ एवं योग्य व्यक्ति को डीइसी / एल्बेंडाजोल की दवा आशा, आशा फैसिलिटेटर एवं वॉलिंटियर्स द्वारा घर-घर जाकर खिलायी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस बार 17 दिवसीय अभियान चलाया जाएगा। शुरुआत में 3 दिन स्कूलों में बूथ लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिया गया है कि इस बात का ध्यान रखें कि 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार लोगों को दवा का सेवन नहीं कराना है।

वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ शरद चंद्र शर्मा ने बताया कि बैनर, पोस्टर व प्रचार प्रसार के साथ सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम जिले के सभी 27 प्रखंडों में चलेगा। उन्होंने बताया कि उम्र के अनुसार ही दवा की खुराक दी जाएगी। दवा की डोज को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए हैं। 02 से 5 साल तक के बच्चों को डीईसी की एक व अल्बेंडाजोल की एक गोली, 6 से 14 वर्ष के बच्चों और किशोरों को डीईसी की दो और अल्बेंडाजोल की एक गोली एवं 15 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को डीईसी की तीन व अल्बेंडाजोल की एक गोली खिलाई जाएगी।

## टॉप टेन की लिस्ट में शामिल एक अपराधी गिरफ्तार



बेतिया। बगहा पुलिस ने टॉप टेन अपराधियों की सूची में शामिल एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। 25 हज़ार का इनाम घोषित कर दो संगीन मामलों में बगहा पुलिस लंबे समय से इसकी तलाश कर रही थी। दरअसल बिहार एसटीएफ के साथ मिलकर डीआईयू की टीम ने भैरोगंज थाना क्षेत्र के चौतरवा डोम पड़ाव के रहने वाले फरार रांची राम उर्फ राजेश राम को गिरफ्तार किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए बगहा एसपी सुशांत कुमार सरोज ने बताया की गिरफ्तार रांची राम को पूर्वी चंपारण के बंजरिया से पकड़ा गया है। फिलहाल पुलिस इस बड़ी सफलता से राहत महसूस कर रही है। बता दें की कुख्यात डकैत रांची राम की गिरफ़्तारी में शामिल पुलिस टीम को बगहा एसपी सुशांत सरोज ने पुरस्कृत भी करने की घोषणा किया है।

## पुलिस ने सात करोड़ के चरस की बड़ी खेप के साथ एक तस्कर को किया गिरफ्तार

बेतिया। बगहा पुलिस ने 7 करोड रुपए के चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तस्कर नेपाल से चरस को लेकर उत्तर प्रदेश जा रहा था।बेतिया के सिकटा के रहने वाले रितेश पटेल के रूप में गिरफ्तार तस्कर की पहचान की गई है। धनहा थाना पुलिस ने वाहन जांच के दौरान यह सफलता पाई है। तलाशी के दौरान तस्कर के बैग से और उसके शरीर से 35 किलोग्राम चरस जब्त किया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ के आधार पर पूरे सिंडिकेट के उद्भेदन के लिए कार्रवाई कर रही है। कई लोगों की पहचान की गई है जो नेपाल से तस्करी कर माल को उत्तर प्रदेश के रास्ते महानगरों तक पहुंचाते हैं।





# नाबालिक लड़की के हत्यारोपी ने न्यायालय में किया आत्म-समर्पण

**पताही थाना कांड संख्या- 16/24 के नामजद अभियुक्त मोहन सिंह ने किया न्यायालय में आत्म समर्पण**

**30 जनवरी को हरेंद्र सिंह के 14 वर्षीय नाबालिक पुत्री को गला दबाकर किया था हत्या**

**मृतक के पिता ने दो नामजद चार अज्ञात लोगों के विरुद्ध स्थानीय थाने में मामला कराया था दर्ज।**

**नामजद अभियुक्त के गिरफ्तारी को लेकर पताही पुलिस लगातार कर रही थी छापेमारी**

बीएनएम@पताही



थाना क्षेत्र के खुटौना गांव स्थित विगत 30 जनवरी की सुबह उक्त गांव निवासी हरेंद्र सिंह के 14 वर्षीय नाबालिक पुत्री के हत्याकांड के मुख्य आरोपी ने पुलिसिया दबिश के कारण न्यायालय में मंगलवार को आत्म-समर्पण किया। जिसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पताही थाना कांड संख्या 16/24 में दो नामजद एवं चार अज्ञात के विरुद्ध मृतक के पिता हरेंद्र सिंह के द्वारा स्थानीय थाने में प्राथमिक की दर्ज कराया गया था। थाना अध्यक्ष कौशल कुमार ने बताया कि घटना के बाद एक आरोपी मोहन सिंह एवं प्रभाकर सिंह घटना के बाद घर छोड़कर फरार था। उक्त आरोपी को गिरफ्तार करने को लेकर आरोपी के ठिकाने एवं घर पर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। जिसमें पुलिस दबिश के कारण आरोपी मोहन सिंह ने मोतिहारी न्यायालय में आत्म-समर्पण किया है। मालूम हो कि 30 जनवरी को नगर बैतौना पंचायत के खुटौना गांव हरिंदर सिंह की 14 वर्षीय नाबालिक पुत्री की हत्या हो गयी थी। जिसे लेकर पर जानू ने वरीय पदाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई थी इस मामले में पकड़ीदयाल डीएसपी सुबोध कुमार ने पीड़ित परिवार को कार्रवाई का आश्वासन दिया था। इसके बाद पताही पुलिस आरोपी के घर पर एवं ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर कर रही थी इसके बाद पता ही पुलिस आरोपी की कुर्की जपती के लिए न्यायालय में आवेदन की तैयारी में जुट गई थी। जिसमें पुलिसिया दबिश के कारण नामजद आरोपी मोहन सिंह ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है। गुप्त मामले में जल्द ही फरार चल रहे सभी आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# गांव की प्रतिभावान पेंटिंग कलाकार को मुखिया ने किया सम्मानित



बेतिया। बगहा पुलिस जिलान्तर्गत रामपुरवा लक्ष्मीपुर पंचायत निवासी 18 वर्षीय छात्र प्रभात रंजन को मुखिया मालती देवी ने सम्मानित किया है। बतादें,छात्र प्रभात रंजन पेंसिल से प्रभु श्रीराम, अपने माता पिता, मुखिया समेत कई महापुरुष का चित्र बनाया है और आगे भी बना रहे है। जीवंत सा दिखने वाला चित्र देखने से ऐसा लगता है कि जैसे चित्र अब बोल पड़ेगा । बतादें कलाकार प्रभात रंजन अपने माता पिता मनोज शर्मा के इकलौते पुत्र हैं जो बीए पार्ट वन के छात्र हैं । मनोज शर्मा बतातें हैं कि प्रभात को बचपन से पेंटिंग व चित्रकारी का शौक रहा है । इसकी कलाकारी की खासियत है कि एक बार देखकर हूबहू चित्र बना देता है जैसे मां सरस्वती का वरदान इसके ऊपर विराजमान है।

# वाल्मीकिनगर की छात्रा ने एफएमजीई परीक्षा उतीर्ण की परिजनों में खुशी की लहर



बेतिया ।वाल्मीकिनगर की छात्रा शिवानी गुप्ता ने मेडिकल काउंसिलिंग ऑफ इंडिया ( एमसीआई ) द्वारा एफएमजी की 20 जनवरी को ली गई परीक्षा में 175 अंकों के साथ उत्तीर्ण की है। जिससे परिजनों सहित आसपास के लोगों में खुशी का माहौल है । बतादें की विदेशों में मेडिकल की पढ़ाई पूरी करने के बाद भारत सरकार द्वारा भारत मे मेडिकल सेवा देने के लिए मेडिकल काउंसिलिंग ऑफ इंडिया द्वारा एफएमजीई की परीक्षा पास करना अनिवार्य है। जिसे शिवानी ने पहले प्रयास में ही सफलता हाशिल कर ली है । बतातें चलें कि शिवानी गुप्ता वाल्मीकिनगर स्थित 3 आरडी निवासी कपड़ा व्यवसायी सुनील गुप्ता की बेटी हैं जो मेडिकल की पढ़ाई के लिए रूस स्थित क्रिगिस्तान के एशियन मेडिकल कॉलेज से 2018 से 2023 तक पढ़ाई पूरी कर स्वदेश लौट आई।इसके बाद दिल्ली की कोचिंग संस्थान में एमसीआई परीक्षा की तैयारी की । बहरहाल शिवानी इस सफलता से अपने परिजनों सहित बगहा क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

# बेतिया में पान दुकानदार की हत्या,शव बरामद, जांच जारी

बेतिया। पुलिस ने मंगलवार की सुबह बेतिया मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत हजारी पशु मेला ग्राउंड से एक युवक का शव बरामद किया।बरामद शव की पहचान एक पान दुकानदार के रूप में की गई है।मृतक के शव को देखने के बाद ग्रामीण में हड़कंप मच गया। आनन फानन में ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। बताया जाता है कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित पान दुकानदार बस स्टैंड निवासी आलमगीर मियां की अपराधियों ने हत्या कर दी वहीं हत्या के बाद अपराधियों ने मृतक के शव को बेतिया हजारी पशु मेला ग्राउंड में फेंक दिया था। इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है।घटना को लेकर मृतक के दामाद आफताब आलम ने बताया की सोमवार को पान की दुकान से वह घर नहीं आएं, तो खोजबीन किया गया।मंगलवार की सुबह में पता चला है कि उनकी हत्या कर बेतिया हजारी में फेंक दिया गया है।वहीं घटना की सुचना पर मुफस्सिल पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर बेतिया जीएमसीएच पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया वही मुफस्सिल थाना अध्यक्ष ज्वाला सिंह ने बताया की फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है जल्द ही अपराधियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

# अनुसंधान संवर्धन योजना के तहत 46 प्रस्तावों को 'सीड मनी' की स्वीकृति

मोतिहारी। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय ने प्रतिष्ठित अनुसंधान संवर्धन योजना के तहत 46 अनुसंधान प्रस्तावों को स्वीकृति देकर अकादमिक अनुसंधान के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण प्रगति की घोषणा की है। यह महत्वपूर्ण निर्णय अनुसंधान संवर्धन योजना पर स्थायी समिति द्वारा सावधानीपूर्वक मूल्यांकन और समर्थन के बाद लिया गया है, जिसके बाद सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदन प्राप्त हुआ है। यह घोषणा अनुसंधान और नवाचार की जीवंत संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय के समर्पण को रेखांकित करती है।

कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने कहा, ₹अनुसंधान संवर्धन योजना, अकादमिक उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की आधारशिला है, जिसका उद्देश्य हमारे शैक्षणिक समुदाय के भीतर नवीन अनुसंधान पहलों को पोषित करना और आगे बढ़ाना है। विभिन्न प्रकार के विषयों को कवर करने वाले अनुमोदित प्रस्तावों को सीड मनी के रूप में 2.0 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है।। यह वित्तीय सहायता विभिन्न डोमेन में अग्रणी अनुसंधान परियोजनाओं की शुरुआत और विकास को उत्प्रेरित करने के लिए डिज़ाइन की गई है।

जनसंपर्क अधिकारी शेफालिका मिश्रा ने कहा कि ₹इन 46 शोध प्रस्तावों की मंजूरी हमारे शैक्षणिक समुदाय की सामूहिक प्रतिभा और समर्पण का एक प्रमाण है। यह अत्याधुनिक अनुसंधान को बढ़ावा देने और सुविधा प्रदान करने के हमारे चल रहे प्रयासों में एक उल्लेखनीय कदम है। स्वीकृत अनुसंधान परियोजनाएं विविध शैक्षणिक विषयों पर सार्थक प्रभाव डालेंगी तथा एमजीसीयू के अनुसंधान परिदृश्य को और बेहतर बनाएंगी।







# बच्चों में बढ़ती ऑनलाइन शापिंग की आदत, कैसे कंट्रोल करें

**स्नेहा सिंह**

बच्चों की ऑनलाइन शापिंग की आदत बड़ों का बजट बिगाड़ देती है। अगर मां-बाप बच्चों की छोटी उम्र से ही बचत की आदत डालते हुए पालें-पोसें तो आगे चल कर उनकी जिंदगी आसान बन जाएगी। पूर्वी, तुमने फिर से शापिंग की? मेरे एकाउंट से दो हजार रुपए कट गए हैं। मोना ने बेटी से पूछा। पूर्वी अभी भी फोन में शापिंग साइट्स सर्च कर रही थी। फोन में ही आंखे गड़ाए हुए उसने कहा, हां मॉम, कल की है, दो टीशर्ट खरीदी हैं। एक बेल्ट फ्री मिली है। और हां, एक जींस आज ली है। केवल 999 की।

अरे, पर तुम्हें पूछना तो चाहिए। मुझे आज लाइट बिल भरना है। अब कुछ मत खरीदना ऑनलाइन, खाते में थोड़े ही रुपए हैं। कालेज की फीस भी तो भरनी है। अभी फिल्म देखने या घूमने न जाओ तो ठीक रहेगा। जब तक कोरोना का नुकसान न पूरा हो जाए, ज्यादा पैसे मत खर्च करो। पैसा बचाना सीखो बेटा। देखो न, लाइट बिल ही तीन हजार रुपए आया है। जिस तरह एसी चलाती हो, उस तरह कोई एसी चलाता है।

इंटरनेट का भी खर्च थोड़ा कम करो। एक तो सागसब्जी कितनी महंगी हो गई है। भगवान न करे ऐसे में किसी की तबीयत खराब हो गई तो अस्पताल का खर्च फाइवस्टार होटल की तरह आता है। इसीलिए तो हमारे बड़े-बुजुर्ग कहते थे, 'जितनी चादर हो, उतना ही पैर फैलाओ।'

मोना ने पूर्वी को अपनी बात समझाने की बहुत कोशिश की कि उनकी बात बेटी के गले उतर जाए, पर पूर्वी की पिन तो मोबाइल की ऑनलाइन आकर्षक शापिंग पर ही चिपकी थी। अब इस बात में चादर कहां से आ गई? लेनी है क्या? देखो, यह कॉटन की चादर कितनी अच्छी है। आर्डर कर दूं? कलर कितना सुपर है।

न, नहीं चाहिए। वैसे भी फोटो में बहुत अच्छी लग रही है। पर आने पर रंग कुछ और ही निकलता है।

तो वापस कर देंगे।

पर बिना जरूरत के कोई भी चीज खरीदने की जरूरत ही क्या है? इस तरह रोज-रोज खरीदारी करने से तो खजाना ही लुट जाएगा। मम्मी एक काम कीजिए। पापा से कह कर मुझे क्रेडिट कार्ड दिला दीजिए। आप को बैलेंस देखने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।



पूर्वी अपनी बात कह रही थी कि तभी उसके पापा रजनीश आ गए। उन्होंने कहा, बोलो... बोलो, मेरी राजकुमारी को क्या चाहिए? क्रेडिट कार्ड चाहिए पापा। मम्मी अपने एकाउंट से खर्च ही नहीं करने देतीं। मम्मी बहुत कंजूस है न पापा। मुझे क्रेडिट कार्ड दिला दीजिए। मैं ज्यादा शापिंग नहीं करूंगी। केवल कपड़ा और शूज बस?

पूर्वी को पता था कि उसकी मीठी-मीठी बातों में पापा आ ही जाएंगे। इसलिए उनके नजदीक जा कर प्यार से मस्का लगाने लगी।

पर पूर्वी मैं तुम्हें समझा रही हूं कि बिना जरूरत के शापिंग नहीं करनी है। मोना चिल्लाई।

करेगी... मेरी बेटी करेगी। मोना एक ही तो बेटी है। इसके तो शौक पूरे करने देना चाहिए न? रजनीश ने बेटी का पक्ष लेते हुए कहा। मोना ने कहा, अगर यह अभी से बचत करना नहीं सीखेगी तो पछताएगी। तुम ही इसे समझाओ। अलमारी भरी है। पैसा कमाने के लिए हम दोनों कितनी मेहनत करते हैं।

ठीक है। पर सब इसी के लिए तो है। बेटा, तुम्हारा क्रेडिट कार्ड कल बनवा देता हूं।

यस्स, अब तो मजा ही मजा। मम्मी, आप तो देखती ही रह गई। अब तो मैं खूब शापिंग करूंगी। कहते हुए पूर्वी खुशी के मारे घर से बाहर निकल गई। एक महीने बाद रजनीश ने देखा कि क्रेडिट कार्ड से पूर्वी ने दस हजार की शापिंग की थी। मोना ने कहा, इस तरह तो इस लड़की की शापिंग की लत लग जाएगी।

अब क्रेडिट कार्ड वापस लेना भी आसान नहीं था। क्रेडिट कार्ड वापस लेने पर पूर्वी को बुरा लग गया और उसने कोई गलत कदम उठा लिया तो? एकलौती बेटी को नाराज करना उचित नहीं था। इसलिए उन्होंने कोई दूसरा उपाय अपनाने के बारे में सोचा।



रजनीश और मोना ने मिल कर एक व्यवस्थित प्लान बनाया। उन्होंने पूर्वी को बुलाया। पहले तो उसके द्वारा की गई शापिंग को देखा। तारीफ भी की। फिर एक-दो चीज के लिए पूछा भी, यह तो अपने पास थी न? यह टॉप महंगा नहीं लग रहा?

पर पूर्वी इस तरह उत्साह में थी कि उसे जरा भी पछतावा नहीं हुआ। यह देख कर रजनीश ने कहा, अगले महीने से हम तुम्हें एक ऑफर देने के बारे में सोच रहे हैं। मैं तुम्हारे खाते में पांच हजार रुपए जमा कराऊंगा। बस, पांच हजार? पूर्वी तुरंत बोल पड़ी। इसलिए मोना ने कहा, यहां ऐसे तमाम लोग हैं, जिनका इतना वेतन भी नहीं है बेटा। ऐसा मत बोलो, पांच हजार में तो पूरे महीने का राशन आ जाता है। रजनीश ने कहा, अरे सुनो तो सही, मैं तुम्हें पांच हजार दूंगा, इसमें से जितना तुम बचाओगी, उतना अगले महीने अधिक दूंगा। समझ लीजिए कि तुम ने चार हजार खर्च किए तो अगले महीने छह हजार मिलेंगे और बिलकुल न खर्च करूं तो दस हजार? हां, पर हर महीने तुम्हारी खर्च की लिमिट पांच हजार ही रहेगी। बाकी की बचत तुम्हारे खाते में जमा रहेगी। साल के अंत में उसमें से तुम्हारी पसंद की कोई चीज दिला देंगे। मोबाइल या फिर लैपटॉप?

कोई भी चीज जो तुम्हें पसंद होगी।

ओके डन। पूर्वी को यह अच्छा लगा। अगले महीने से स्कीम चालू हो गई। पूर्वी ने दो हजार बचाए। राज ने उस महीने हजार रुपए दिए। पूर्वी का उत्साह बढ़ता गया। उसकी बचत करने की आदत बनती गई और खर्च अपने आप घटता गया। आजकल ऑनलाइन शापिंग की आदत बड़ोंबड़ों का बजट बिगाड़ देती है। अगर सभी किसी न किसी तरह बचत का विकल्प अपनाएं तो खर्च अपने आप घट जाएगा और अगर ऑनलाइन शापिंग की आदत बढ़ती ही जाए तो खुद ही कार्ड जमा करा दें तो अच्छा रहेगा।

पहले मां-बाप खुद ही अपना फालतू का खर्च कम करें और बच्चों में कम उम्र से ही बचत की आदत डालें, जिससे उनकी जिंदगी आसान बन जाए।

# पैसे बचाना कोई 'रॉकेट साइंस' नहीं, बस न करें ये गलतियां

जब भी हम लोन लेने की सोचते हैं, एक अहम सवाल हमारा पीछा करता है। वह है क्रेडिट स्कोर...। क्रेडिट इन्फोर्मेशन ब्यूरो (इंडिया) लिमिटेड (सिबिल) एक क्रेडिट रेटिंग फर्म है, जो 550 मिलियन से अधिक उपभोक्ताओं तथा संगठनों की क्रेडिट हिस्ट्री को मैनेज करती है। इसमें वित्तीय संस्थानों, एनबीएफसी, बैंकों एवं होम फाइनैंसिंग कंपनियों सहित 2400 से अधिक सदस्य शामिल हैं। यह ऋण लेने वाले की स्थिति का अनुमान लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

अधिक सिबिल स्कोर होने पर व्यक्ति या संस्थान को लोन मिलने की संभावना बढ़ जाती है। वहीं दूसरी ओर सिबिल स्कोर कम होने पर, अगर लोन मिल भी जाए तो भी ब्याज अधिक देना पड़ता है। सही तरीके अपनाकर आप अपनी क्रेडिट रेटिंग में सुधार ला सकते हैं।

**समय पर चुकाएं ईएमआई:** होम लेने लेते समय आप अलग-अलग होम लोन के बीच तुलना करें। देखें कि किसमें आपको ऑफर मिल रहे हैं या फायदा होता है। होम लोन के कई फायदे होते हैं। सबसे पहले तो आपको कर में फायदा मिलता है। सरकार होम लोन पर मूल राशि एवं ब्याज पर कर में छूट देती है। अगर आप दूसरे घर के लिए लोन ले रहे हैं तो आयकर की धारा 24बी के तहत होम लोन के ब्याज की पूरी राशि पर छूट मिलती है। इसके अलावा अन्य कई फायदे भी हैं।

हालांकि जब भी होम लोन लें, आप पूरी योजना बनाकर चलें कि आपको समय पर ईएमआई चुकानी है। सोच-समझ कर फैसला लें कि आपको कितना कर्ज लेना है। आप प्री-पेमेंट की योजना भी बनाकर चल सकते हैं। इसके लिए सही बजट बनाएं, उसी के हिसाब से प्रॉपर्टी ढूंढें, फिर विभिन्न बैंकों के लोन की तुलना करें। उसके बाद ही आवेदन करें।

**कैसे सुधारें क्रेडिट स्कोर:** आप जब भी ऋण लें, उसे चुकाने में अनुशासन बरतें। भुगतान के लिए रिमाइंडर लगाएं। अपनी क्रेडिट लिमिट सेट कर लें। अगर लोन रिजेक्ट हो जाए तो आवेदन न करें। क्रेडिट कार्ड के बिल का भुगतान समय पर करें। एक समय में बहुत सारा लोन एक साथ न लें।

**इंडेक्स फंड में निवेश:** इंडैक्स फंड में निवेश करें। ये आपके दीर्घकालिक लक्ष्यों के लिए फायदेमंद हैं।

# खुलवा रहे हैं बच्चों का Bank Account तो ध्यान रखें

***आज के समय में वित्तीय सेवाएं एक आयु वर्ग तक सीमित नहीं रह गई हैं। एक नाबालिग भी बड़ी आसानी से अपना बैंक अकाउंट रख सकता है और उसे ऑपरेट कर सकता है। 2014 के बाद से आरबीआई की ओर से 10 साल के अधिक के बच्चों को ये सुविधा दे गई है, जिसके बाद बच्चों के लिए खाता खुलवाना काफी आसान हो गया है।***

बच्चों के लिए आईसीआईसीआईसी बैंक यंग स्टार्स अकाउंट, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया पहला कदम और पहली उड़ान, एचडीएफसी बैंक किड्स एडवांटेज और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का युवा बैंकिंग खाता है लेकिन नाबालिगों का खाता खोलते समय कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए, जिसके बारे में हम इस रिपोर्ट में बताने जा रहे हैं।




## बच्चे की उम्र

ज्यादातर बैंकों में नाबालिगों के लिए दो प्रकार के खाते होते हैं। एक दस साल से कम के बच्चों के लिए और दूसरा 10 साल से 18 साल के बच्चों के लिए होता है। बड़ी बात यह है कि अगर बच्चा 10 साल से छोटा है, तो माता- पिता को उसके साथ संयुक्त रुप से संचालित करना होता है।

## न्यूनतम बैंलेस और बैंकिंग सुविधाएं

नाबालिगों को भी बैंक सभी प्रकार की सुविधाएं देते हैं। अधिकतर बैंकों में न्यूनतम बैंलेस की सीमा 2500 रुपये से लेकर 5000 रुपये है। इसके अलावा इन खातों पर सभी प्रकार की बैंकिंग सुविधाएं दी जाती हैं, जिसमें चेक बुक, इंटरनेट बैंकिंग और एटीएम शामिल हैं।

## डेबिट कार्ड


कुछ बैंक फोटो के साथ डेबिट कार्ड जारी करते हैं, जबकि कुछ बैंक के कार्ड पर माता-पिता या फिर बच्चे का नाम हो सकता है। सुनिश्चित करें कि खाते पर एसएमएस अलर्ट सुविधा सक्रिय है, जिससे लेनदेन की बारे में जानकारी तुरंत प्राप्त हो। इसके साथ ही बच्चे को यह दिखाने के लिए एटीएम तक ले जाएं कि पैसे सुरक्षित तरीके से कैसे निकाले जाएं।

## खर्च करने की सीमा

नाबालिग खाते के साथ खर्च करने की सीमा भी जुड़ी होती है। हालांकि यह बैंक पर निर्भर करती है। आप बैंक की ओर से दी गई सीमा के मुताबिक 1000 रुपये, 2,500 रुपये और 5000 रुपये तक हो सकती है। बैंक से आप एक वित्त वर्ष में माता-पिता की सहमति के बिना 50,000 रुपये और सहमति के साथ 2 लाख रुपये निकाल सकते हैं।

**अर्चना शर्मा कोटा, राजस्थान**

## कविता : ...वो दोस्ताना



धड़कता दिल,
फिसलता पांव,
गिरने से पहले ही
संभालते हाथों में
सच्ची दोस्ती का
आमंत्रण,
संभल कर,
स्वीकार कर
भाग्यशाली हो
मुस्कुराने लगी।।

राह सुनसान,
पथरीले रास्ते,
कंटीली झाड़ियां,
घनघोर अंधेरा,
हाथ को नहीं
सूझता हाथ।।

अनजान मुसाफिर,
भयभीत मन,

मिल कर बिछुड़ गए
जैसे रात गई और
बात गई,
ऐसा दोस्त फिर
कभी मिला नहीं,
याद रहा बस
वो दोस्ताना।।

## सेहत और त्वचा समस्याओं के लिए रामबाण इलाज है केसर का पानी



कई चमत्कारी गुणों से भरपूर केसर लंबे समय से अलग-अलग तरीकों से इस्तेमाल किया जा रहा है। केसर का उल्लेख आयुर्वेद में भी पाया जाता है। पकवानों और व्यंजनों का स्वाद बढ़ाने के लिए इस्तेमाल होने वाला केसर हमारे स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि त्वचा और बालों के लिए भी काफी फायदेमंद होता है।

इसमें मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी,एंटी-अल्जाइमर, एंटी कॉनवल्सेन्ट और एंटीऑक्सीडेंट जैसे गुण कई तरह की समस्याओं में मददगार होते हैं। केसर का इस्तेमाल अस्थमा, खांसी, गले में खराश, काली खांसी जैसी कई समस्याओं के लिए किया जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि केसर का पानी भी कई परेशानियों में आपके लिए सहायक साबित होता है। अगर नहीं, तो आज हम आपको बताएंगे केसर के पानी से होने वाले फायदों के बारे में-

### त्वचा के लिए फायदेमंद

केसर आपकी त्वचा के लिए बेहद गुणकारी होता है। एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर केसर स्किन में मौजूद टॉक्सिन को बाहर निकालने में मददगार है। केसर का पानी पीने से स्किन हाइड्रेट रहती है और इसे पोषण भी मिलता है। इसके अलावा इसके सेवन से कील,मुंहासे,फुंसी समेत कई अन्य समस्याएं दूर रहती हैं।

### पीरियड्स के दर्द में कारगर

केसर का पानी माहवारी के दौरान होने वाली समस्याओं में भी काफी आराम दिलाता है। अगर आपको पीरियड्स की वजह काफी दर्द होता है, तो इसके लिए आप केसर का पानी पी सकते हैं। साथ ही अगर आपको हैवी पीरियड्स नहीं आ पा रहे हैं, तो इसके लिए भी केसर का पानी उपयोगी साबित होगा।

### हेयरफॉल रोकने में असरदार

बालों का झड़ना एक आम समस्या है, जिससे कई लोग अक्सर परेशान रहते हैं। अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं, तो इसके लिए केसर का पानी पी सकते हैं। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट न सिर्फ हेयरफॉल को रोकते हैं, बल्कि बालों के रोम को मजबूत बनाकर इन्हें बढ़ने में मदद करता है।

### शुगर क्रेविंग करें कंट्रोल

अक्सर खाना खाने के बाद कई लोगों को मीठा खाने की क्रेविंग होती है। लेकिन जरूरत से ज्यादा मीठा खाना हमारी सेहत के लिए काफी हानिकारक हो सकता है। ऐसे में अगर आप अपनी शुगर क्रेविंग को कंट्रोल करना चाहते हैं, तो इसके लिए सुबह केसर का पानी पीना काफी फायदेमंद होगा।

### चाय-कॉफी का बेहतर विकल्प

ज्यादातर लोगों की आदत होती है कि वह अपने दिन की शुरुआत एक कप चाय या कॉफी से करते हैं। लेकिन खाली पेट सुबह चाय या कॉफी का सेवन आपकी सेहत के लिए नुकसानदेय हो सकता है। ऐसे में अगर आप सुबह के लिए चाय या कॉफी का कोई विकल्प ढूंढ रहे हैं, तो इसके केसर का पानी बढ़िया विकल्प है। इसे पीने से आप पूरे दिन रीफ्रेश फील कर पाएंगे।

# बालों को मजबूत, घना और शाइनी बनाने के लिए पिएं ये ड्रिंक्स

**खानपान में गड़बड़ी, बढ़ते प्रदूषण, खराब जीवनशैली के कारण बालों से जुड़ी समस्याएं अब लोगों में आम हो चुकी हैं। कम उम्र में बाल सफेद होना हो या असमय बाल झड़ने की समस्या हर तीसरा व्यक्ति इन परेशानियों का शिकार है।**

**खराब पोषण के कारण भी बालों से जुड़ी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। हेयर फॉल, बाल सफेद होने की समस्या या बालों से जुड़ी दूसरी तमाम समस्याओं के लिए मार्केट में कई तरह के प्रोडक्ट्स मौजूद हैं। लेकिन इन प्रोडक्ट्स में केमिकल या प्रिजर्वेटिव्स का इस्तेमाल किया जाता है, जो आपके बालों को कई नुकसान पहुंचा सकते हैं। बालों से जुड़ी समस्याओं के खतरे को कम करने के लिए कुछ ड्रिंक्स का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। आइए आज इस लेख में जानते हैं बालों के लिए फायदेमंद ऐसे ही ड्रिंक्स के बारे में।**




### बालों के लिए फायदेमंद ड्रिंक्स

बालों से जुड़ी समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए नियमित रूप से कुछ ड्रिंक्स का सेवन करना बहुत फायदेमंद होता है। लोग अक्सर सुबह उठते ही चाय या कॉफी और कई तरह के कैफीन युक्त ड्रिंक्स का सेवन करते हैं। इन ड्रिंक्स के सेवन से आपके बालों को कई नुकसान हो सकता है।

### 1. एलोवेरा जूस का सेवन

एलोवेरा जूस का सेवन करने से आपके बालों को बहुत फायदे मिलते हैं। एलोवेरा जूस में विटामिन सी, विटामिन ई, बीटा कैरोटीन जैसे पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं। इसका नियमित रूप से सेवन करने से आपके बाल स्ट्रांग होते हैं और उनकी चमक बढ़ती है। इस जूस का सेवन करने से आप दिन भर एनर्जेटिक भी रहेंगे।

### 2. कीवी का जूस

कीवी का जूस पीने से आपको कई अनोखे फायदे मिलते हैं। कीवी में मौजूद विटामिन ई और अन्य पोषक तत्व बालों को मजबूत और घना बनाने में बहुत फायदेमंद होते हैं। इसका सेवन करने से आपकी इम्यूनिटी भी मजबूत होती है।

### 3. आंवले का जूस

आंवला सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। आंवले में मौजूद गुण और पोषक तत्व आपको कई गंभीर बीमारियों और परेशानियों से बचाने का काम करते हैं। आंवले का जूस पीने से आपको हेयर फॉल की समस्या में भी फायदा मिलता है।

बालों से जुड़ी समस्याओं में आंवले का जूस पीने से बहुत फायदा मिलता है।

### 4. पालक का जूस

पालक का जूस भी आपकी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। पालक में आयरन, बायोटिन आदि की पर्याप्त मात्रा होती है। बालों को मजबूत, घना और शिल्की बनाने के लिए इनका सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है।

बालों को हेल्दी, मजबूत और शाइनी बनाने के लिए ऊपर बताये गए ड्रिंक्स का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। इनका सेवन करने से आपके बालों को पर्याप्त पोषण मिलता है और बाल हेल्दी होते हैं।

# शरीर में आयरन की कमी के संकेत हो सकते हैं ये लक्षण

सेहतमंद रहने के लिए बेहद जरूरी है कि शरीर में सभी आवश्यक पोषक तत्वों की पूर्ति की जाए। स्वस्थ रहने के लिए पौष्टिक आहार खाना काफी जरूरी होता है। हमारे शरीर के संपूर्ण विकास के लिए कई सारे पोषक तत्व जरूरी होते हैं। ऐसे में पौष्टिक आहार की मदद से शरीर को जरूरी न्यूट्रिएंट्स मिलते हैं। यह बेहद जरूरी है कि इसकी कमी होने पर तुरंत ही शरीर में इसकी पूर्ति की जाए।

### पीली त्वचा

खून में मौजूद हीमोग्लोबिन की वजह से आमतौर पर हमारी त्वचा हल्की लाल रंग की नजर आती है। लेकिन अगर आपके शरीर में आयरन की कमी है, तो इसकी वजह से आपकी स्किन के रंग में बदलाव आने लगता है।

आयरन की कमी की वजह से अक्सर त्वचा पीली नजर आने लगती है। इसके अलावा स्किन पर काले या नीले रंग के दाग भी बन सकते हैं।

### हाथों-पैरों का ठंडा होना

शरीर में आयरन की कमी होने पर हाथ-पैर ठंडे रहने लगते हैं। अगर आपके शरीर में आयरन की कमी है, तो इसकी वजह से आपको भी हाथ-पैर ठंडे महसूस हो सकते हैं। ऐसे में अगर आप अपने अंदर लगातार इस तरह के संकेत देख रहे हैं, तो तुरंत अपने डॉक्टर से संपर्क करें।

### नाखूनों का कमजोर होना

आयरन की कमी होने पर इसका असर हमारे नाखूनों पर भी नजर आता है। आमतौर पर कमजोर नाखून कैल्शियम की समस्या की वजह से हो सकते हैं, लेकिन कई बार यह आयरन की कमी का संकेत भी होते हैं। ऐसे में अगर आपके नाखून भी कमजोर पर ज्यादा टूट रहे हैं, तो आपको इस पर ध्यान देने की जरूरत है।

### बालों की समस्या

नाखूनों के साथ ही आयरन की कमी की वजह से बालों पर भी असर पड़ता है। हीमोग्लोबिन के निर्माण में आयरन एक अहम भूमिका निभाता है।

ऐसे में अगर आपके शरीर में आयरन की कमी है, तो इससे आपके नाखून और बाल भी प्रभावित होने लगते हैं। दरअसल, आयरन की कमी की वजह से बालों को जरूरी पोषण नहीं मिल पाता है, जिससे वह झड़ने और कमजोर होने लगते हैं।

### आयरन की कमी के अन्य लक्षण

शरीर में आयरन की कमी अक्सर एनीमिया की समस्या को जन्म देती है। यह एक गंभीर समस्या होती है। अगर शुरुआती स्तर में इसकी पहचान कर ली जाए, तो वक्त रहते इसे सही इलाज की मदद से ठीक किया जा सकता है। आयरन की कमी के कुछ अन्य सामान्य लक्षण निम्न हैं-

थकान, बेहोशी, सिर दर्द, कमजोरी, छाती में दर्द, गले में खराश, जीभ में सूजन, सांस लेने में तकलीफ, मुंह के किनारों का फटना, दिल के धड़कन का बढ़ना।

### किन चीजों से करें आयरन की पूर्ति

शरीर में आयरन की कमी एक गंभीर हालात उत्पन्न कर सकती है। ऐसे में यह बेहद जरूरी है कि समय से इसके लक्षणों की पहचान कर शरीर में इसकी पूर्ति की जाए।

अगर आप आपके शरीर में भी आयरन की



कमी है, तो आप इसके कमी पूरी करने के लिए अपनी डाइट में रेड मीट और पोल्ट्री, सी फूड, बीन्स, गहरी हरी पत्तेदार सब्जियां सूखे मेवे, किशमिश और खुबानी आदि को शामिल कर सकते हैं।

# नारियां अब पुरुषों की परछाई नहीं पारिवारिक समाज का आधार स्तंभ

**संजीव ठाकुर**


आज स्त्री के संदर्भ में सारी पुरातन अवधारणाओं को बदलने का समय आ गया है। नारी अब घर में पूज्या तो है ही साथ ही वह समाज में अपनी अहमियत की दस्तक देकर देश की सीमा सुरक्षा में भी अपना योगदान दे रही है। राष्ट्र निर्माण में नारी की शिक्षा एवं उनकी सहभागिता भारत का शक्तिशाली भविष्य है, अतः नारी की शिक्षा देश के लिए अति महत्वपूर्ण मुद्दा बन गई है। वह समय चला गया जब किसी घर में कन्या के पैदा होने से पूरे परिवार में मातम छा जाता था अब भारत में धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश में लिंग भेद बदलने लगा है।

स्थिति यह है कि शिक्षित परिवार केवल एक संतान ही पैदा करना चाहती है चाहे वह कन्या हो या बेटा। अब परिवार में कन्या पैदा होने से खुशियां मनाई जाती है और पुरातन सोच अब धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश को मस्तिष्क के मूल्यांकन के साथ बदलते जा रही है। पुरुष प्रधान समाज में नारी को पूज्या कह कर बहला दिया जाता था और उसे घर की चहारदीवारी में सीमित कर दिया गया था। यही कारण था कि वे पुरुषों की बराबरी में ना आकर बहुत पिछड़ गई और देश की समग्र विकास की स्थिति एकांगी हो गई थी। समाज यह भूल गया था कि जिन हाथों में कोमल चूड़ियां पहनी जाती हैं वही हाथ तलवार भी उठा कर युद्ध में एक वीरांगना की भूमिका निभाती है, इसकी सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रजिया बेगम और रानी लक्ष्मीबाई रही हैं। मनुस्मृति पर यदि आप नजर डालेंगे तो पाएंगे कि उसमें स्पष्ट कहा गया है कि जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवताओं का वास होता है। प्राचीन भारत में नारी शिक्षा का काफी प्रचार प्रसार किया गया था इसके कई प्रमाण भी हैं कि वेद की रिचाओं का ज्ञान नारियों को था इसमें कुछ महत्वपूर्ण नारियां समाज के लिए एक उदाहरण बन गई थी उनमें मैत्री, गार्गी, अनुसूया, सावित्री, आदि उल्लेखनीय हैं। वैदिक काल के विद्वान मुंडन मिश्र की पत्नी उदय भारती ने प्रकांड पंडित विश्व विजयी आदि शंकराचार्य को भी शास्त्रार्थ में भरी सभा में पराजित किया था। इसीलिए वेदों और पुराणों में भी उल्लेखित है की बालिका शिक्षा समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला होता है।

महादेवी वर्मा ने नारी शिक्षा को पुरुष शिक्षा से ज्यादा महत्वपूर्ण बताया था उन्होंने कहा था स्त्री को शिक्षित बनाना एक पुरुष को शिक्षित बनाने से ज्यादा आवश्यक और महत्वपूर्ण है यदि एक पुरुष शिक्षित -प्रशिक्षित होता है तो उससे एक ही व्यक्ति को लाभ होता है किंतु यदि स्त्री शिक्षित होती है तो उससे संपूर्ण परिवार शिक्षित हो जाता है.

उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण बात कही नारी को अशिक्षित रखना समाज के लिए अपराध के समान है। समय के परिवर्तन के साथ साथ नारी का महत्व अब पूरे तौर पर समझा जा रहा है आज समाज तथा देश में नारियां सर्वोत्कृष्ट कार्य कर रही है। समाज हो या विज्ञान या राजनीति अथवा समाज सेवा संपूर्ण क्षेत्र में आज नारियां पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर सर्वश्रेष्ठ कार्य कर रही है। मैडम क्यूरी, कल्पना चावला, इंदिरा गांधी, श्रीमति भंडार नायके, सरोजनी नायडू, कस्तूरबा गांधी जैसी महिलाएं राष्ट्र का मार्गदर्शन करने का काम करती रही है। महात्मा गांधी ने स्वयं कहा है कि जब तक भारत की महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में काम नहीं करेगी तब तक भारत का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। पी वी संधू, वित्त मंत्री सीतारमण स्मृति ईरानी और मंत्रिमंडल में शामिल महिलाएं किसी से पीछे नहीं हैं और सबसे ताजा उदाहरण भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने महिला होकर महिलाओं का नाम राष्ट्र की प्रथम पंक्ति में दर्ज कर देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति पद को सुशोभित किया है।।

# ख्वाब में हकीकत



**ममता सिंह राठौर, कानपुर**

सपने जो हम सोते हुए देखते हैं, उनके बारे में आप लोगों की क्या राय है? बताइगा। वैसे मेरी भी समझ में कुछ ज्यादा नहीं है, हां पर यह लगता है कि जो मन में चल रहा होता है वो देखते हैं, फिर कभी बिल्कुल विचित्र सपने होते हैं। खैर, आज हम आप को आज के सपने में देखी हुई घटना का ही विवरण दे रही हूं जो बिल्कुल सच है।

हुआ यूं की आज दोपहर मैं जब सोई तो इस सपने ने ही जगा दिया, तो मन थोड़ी देर तक सोचता रहा फिर हँसी भी आ गई तो सोचा चलो आप लोगों को भी जगाते हैं, हँसाते हैं। अच्छा आज समय का जो दौर है उसके साथ सब लोग क्या चल पा रहे? हां पर कुछ लोग दौड़ रहें है कुछ लोग छलांग लगा रहे हैं, पर कुछ लोग बेचैन भी हैं और सोचते हैं कि हमारी भारत भूमि जहां सत्यवादी हरिश्चंद्र, राजा दशरथ, जैसे लोग हुए हैं बल्कि आज भी किसी विद्यालय में झूठ का समर्थन नहीं होता। सामने से, बाकी आप सब की राय,पर अब आप चलते फिरते देखो कैसे -कैसे लोग, एक छोटी सी बात मन में घूम रही थी।

हुआ यूं की किसी से मेरी यूं ही रास्ते में मुलाकात हुई, नमस्ते की, हमने तो वो खड़ी हो गई बात करती रहीं। मेरे सच्चे लेखन की जिससे वो बहुत प्रभावित हैं, ऐसा बताया उन्होंने, तभी मेरी नजर उनके हाथ में दूध की बाल्टी पर पड़ी तो हमने पूछ लिया कितने में देते हैं दूध? तो जवाब देखिए- हमने पूछा ही नहीं कितने में देता है हम तो जो बिल देता है बस दे देती हूं.... हिहिही। हमें भी हँसी आ गई,अच्छा जी राम राम।

अब अगली कथा जिसने हमें जगा दिया वो यह की सपने में सजी संवरी आठ -दस औरतें दिखीं तो हमने पूछा- आज करवा चौथ है क्या? तो सब की सब देखी होंठ तो हिलाईं पर जवाब नहीं दिया। हमने फिर पूछा तो फिर वही अभिनय की और एक ने कहा हां है करवा चौथ,तभी हमने कुछ सोचते हुए कहा अच्छा पर हमने तो नवरात्रि का व्रत किया है यह मार्च का महीना है करवा चौथ तो अक्तूबर के महीने में होता है। इसके आगे जो बोल कर मेरी आँख खुल गई वो यह कि जो तुम लोग लिपी पुती बैठी हो, बिल्कुल टी वी सीरियल की सास -बहू साजिश, और-सीखो और घर फोड़ो। मंथरा हो पूरी की पूरी। यह सब मेरे सपने में घटी घटना है।कोई व्यक्तिगत न ले। वैसे सुंदर यह है कि सब हरी साड़ी में सुहागिनी देवियां दिखीं।

# व्यंग्य: दीनू की किस्मत



**हनुमान मुक्त**

खुशी में समय कैसे निकल जाता है, पता ही नहीं चलता। रामखिलावन उर्फ आर के साहब का समय भी बहुत अच्छे ढंग से गुजर रहा था। आजकल उनकी गिनती अच्छे अफसरों में होने लगी थी। अपनी अफसर बिरादरी में उनकी अच्छी पोजीशन थी। अच्छे खासे परिवार में उनकी शादी हो गई। वे पापा भी बन गए। सात साल का उनके एक बेटा है।

सिंह साहब जैसे गुरु के मार्गदर्शन और अपनी कार्यशैली से उनके पास अपना मकान और बैंक बैलेंस भी बन गया है। उनकी ही जाति बिरादरी का एक युवक है दीनदयाल।

अपने बूते अनुसार पढ़ने लिखने के बावजूद, काफी कोशिश करने के बाद भी जब किसी सरकारी महकमे में अपनी जगह ढूंढने में वह नाकामयाब रहा तो उसने असर-कारी स्कूल में देश का भविष्य निर्माता बनाने का कार्य शुरू कर दिया। असर-कारी स्कूल मास्टर की तनख्वाह असर-दायक नहीं होने से दीनदयाल स्कूल समय से पहले और बाद में होम ट्यूशन कर अपना गुजारा करने लगा।

घर में उसकी मां के सिवाय कोई नहीं था। पिता का देहांत बहुत पहले बचपन में ही हो चुका था। दीनदयाल की उम्र तीस साल के पार हो गई लेकिन क्या मजाल जो कोई नवयौवना का पिता अपनी पुत्री का हाथ उनके हाथों में देने का मानस बनाता। बेचारा दीनदयाल इधर-उधर ताक-झांक कर अपना काम चला रहा था। ताकते-झांकते उसकी आंखों को भी अब शर्म आने लगी थी। पर बेचारा क्या करता?

यार, दोस्त जब अपने बीवी बच्चों के साथ हंसते बतियाते निकलते तो उसके दिल पर सांप लोट जाता। मन ही मन उसे अपनी किस्मत पर रोना आता। इसी मोहल्ले का होने के कारण सब उसे दीनू ही कह कर पुकारते। प्राइवेट स्कूल में पढ़ाने के कारण अब वह दीनू से दीनू मास्साब बन चुका था। दीनू का पढ़ाने लिखाने में मन कितना लगता। यह तो नहीं पता लेकिन उसके द्वारा घर पर पढ़ने वाले बच्चे और उनके मां-बाप उससे बहुत प्यार करते। वह भी घर पर बच्चों को पढ़ाने के अलावा सब कुछ करता। बच्चों को पढ़ाई का सामान लाने से लेकर, घर का सामान लाने में भी वह कोई कोताही नहीं बरतता। जैसे तैसे दीनू अपना गुजर-बसर कर रहा था। पिछले कुछ दिनों से वह आर के सर के यहां भी उनके नौनिहाल को घर पर ट्यूशन पढ़ाने का कार्य करने लगा था। अन्य ट्यूशन वालों के घर पर वह एक घंटे से अधिक समय खराब नहीं करता लेकिन आरके साहब की लोकप्रियता और कार्यशैली से प्रभावित होकर वहां वह दो घंटे तक खराब करने में कोताही नहीं बरतता।


उसका मानना था कि यह इन्वेस्टमेंट है जिसका फल उसे भविष्य में अवश्य मिलेगा। दीनू यहां साहब और साहिबा के पर्सनल कामों को भी पूरी मुस्तैदी से मन लगाकर पूरा करता। आरके साहब, साहिबा और उनका नौनिहाल दीनू की कर्तव्य निष्ठा, वफादारी और मेहनत से खुश थे। साहब को दीनू की दयनीय दशा पर काफी दया आती, जिसे दीनू अच्छी तरह जानता था। अपनी दयनीय दशा को अच्छी दशा में बदलने के लिए वह मनोरथ सिद्ध वृक्ष पर जाकर मनोकामना का धागा भी बांध आया था। मनोरथ सिद्ध वृक्ष की कृपा उस पर आई या उसकी मेहनत, कर्तव्य निष्ठा और वफादारी ने अपना रंग दिखाया कि एक दिन शाम को साहब, दीनू पर कुछ अधिक मेहरबान नजर आए। उन्होंने दीनू को एक अखबार थमाते हुए कहा, दीनू! इस अखबार में हमारे महकमे में बाबू की जगह के लिए विज्ञप्ति छपी है। तुम फॉर्म भर दो। दीनू ने अखबार को इधर-उधर पलटा। बोला,साहब इस नाम का अखबार तो आज पहली बार देखा है। सुनकर साहब के चेहरे पर एक रहस्यमई मुस्कान उभर आई। बोले, जब यह बाजार में आएगा ही नहीं तो तुम देखोगे कैसे? इसका प्रसारण हम जैसे कुछ एक अधिकारियों तक ही सीमित है। तुम्हें आम खाने हैं या पेड़ गिनने। जैसा कहा है, वैसा करो। कल शाम तक फॉर्म तैयार कर दे जाना। अत्यंत गोपनीय काम है। किसी से कुछ कहना मत। दीनू को आम खाने थे। साहब के यहां ट्यूशन के काम को और भी निष्ठा से करने का मन ही मन निर्णय किया। साथ ही साहब के निर्देशानुसार अपना भविष्य संवारने का भी। उनके कहे अनुसार फॉर्म तैयार कर गोपनीय ढंग से साहब को दे आया।

कुछ दिनों बाद साहब ने परीक्षा में बैठने का बुलावा पत्र दीनू को थमा दिया और कुछ गोपनीय निर्देशों के साथ ठीक समय पर परीक्षा स्थल पर पहुंचने का आदेश भी। दीनू ने साहब के आदेशों की अक्षरशः पालना की। सभी काम ठीक-ठाक ढंग से संपन्न हो गया। परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों की कुंजी ,पेपर मिलने के आधे घंटे बाद ही दीनू के पास पहुंच गई और दीनू परीक्षा में पास हो गया। अब आ गई टाइप टेस्ट की बारी। परीक्षा तो टीप टाप कर पास कर ली लेकिन अब टाइप टेस्ट कैसे पास करेगा दीनू। उसे तो टाइप करने की एबीसीडी तक नहीं आती फिर वह टाइप की स्पीड में कैसे पास होगा। मन ही मन वह सोच रहा था।अपना संशय उसने साहब के समक्ष रखा।

साहब ने उसे मस्त रहने को कहा। आर के साहब अब खुद अलादीन के चिराग बन चुके थे। जिनके पास हर समस्या का हल था। पी टीआई सिंह साहब का उन पर पूरा असर था। सिंह साहब की उन पर पूरी कृपा दृष्टि थी ।वे अपने गुरु सिंह साहब से पूरा गुरु ज्ञान ले चुके थे। उन्होंने टाइप टेस्ट वाले दिन दीनू को दिन भर उनके घर पर ही रहने का निर्देश दे दिया कि वह आज घर से बिल्कुल ना निकले। अपने स्कूल से भी आज की छुट्टी ले ले। दीनू, साहब के गोरखधंधे के बारे में सोचता उससे पहले ही उसके दिमाग में पेड़ गिनने के बेवकूफी भरे प्रयास की बजाय आम खाने का विचार आ जाता। उसे आम खाने थे।वह सब कुछ साहब के निर्देशानुसार कर रहा था। टाइप टेस्ट के दिन, दिन भर साहब के घर पर ही रहा ।जो घर का काम वह कर सकता था।उसने पूरी कर्मठता से किया। शाम को उसे छुट्टी मिल गई। टाइप टेस्ट हो गया।कुछ दिनों बाद परीक्षा परिणाम आ गया। दीनू बिना टाइप टेस्ट में बैठे ही टाइप टेस्ट में अच्छे अंको से पास हो गया।बाद में पता चला कि उसकी टाइप टेस्ट की परीक्षा साहब के ऑफिस में काम करने वाले टाइपिस्ट ने दी थी। भगवान ने दीनू की सुन ली। अब वह आर के साहब के ऑफिस में ही सरकारी बाबू बन गया।

**मुक्तायन, 93, कांति नगर**
**मुख्य डाकघर के पीछे, गंगापुर सिटी,**
**सवाई माधोपुर (राजस्थान)**

## नमिता गुप्ता मनसी



### हो सके तो सीखना कभी..


पेड़ों से..बीजों के अंकुरन की भाषा,
चिड़ियों से..घोंसला बुने जाने की भाषा,
पतंगों से..हवाओं की भाषा,
बादलों से..बारिश की भाषा,
बूंदों से..पानी की भाषा,
नदियों से..अनवरत बहने की भाषा,
तारों से.. आकाश की भाषा,
सूरज से..धूप की भाषा,
चांद से..चमकने की भाषा!!

नवजात से.. किलकारी की भाषा,
चित्रकार से..रंगों की भाषा,
स्त्री से.. उसके दर्द की भाषा
प्रौढ़ से..जीवन की भाषा
प्रेम से..मौन की भाषा,
और
जीवन से..उसके होने की भाषा!

सुनों..
समाहित हैं ये सभी भाषाएं सदियों से
कवियों की कविताओं में!!

**मेरठ, उत्तर प्रदेश**

# BNM Fantasy



## पूनम पांडे की मुश्किलें बढ़ीं

मौत की झूठी खबर फैलाने पर पूनम पांडे के खिलाफ 3 शिकायत दर्ज किए गए हैं। पूनम पांडे के खिलाफ पहली शिकायत की मांग एडवोकेट अली काशिफ खान देशमुख ने की। इसके बाद ऑल इंडियन सिने वर्कर्स एसोसिएशन ने भी एक्ट्रेस के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। अब, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर फैजान अंसारी द्वारा पूनम पांडे के खिलाफ तीसरी लिखित शिकायत दी गई है।उन्होंने मांग की है कि पूनम के खिलाफ शिकायत दर्ज की जाए, क्योंकि पूनम ने पब्लिसिटी पाने के लिए खुद की मौत की झूठी अफवाह फैलाई और लोगों को गुमराह किया। वहीं मुंबई पुलिस का कहना है इस मामले में लीगल तरीके से कार्रवाई की जाएगी।

ज

## *जैकी के साथ थाईलैंड पहुंचीं रकुल*

रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी 21 फरवरी को गोवा में शादी के बंधन में बंधेंगे। शादी से कुछ दिन पहले ये कपल अपने करीबी दोस्तों के साथ बैचलर ट्रिप पर निकल चुका है। हाल ही में दोनों की एक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होती नजर आ रही है। बॉलीवुड के लॉन्ग टाइम कपल जैकी भगनानी और रकुल प्रीत 21 फरवरी को गोवा में डेस्टिनेशन वेडिंग करने वाले हैं। इस शादी में कपल के चंद करीबी रिश्तेदार और दोस्त ही शामिल होंगे। फिलहाल ये कपल थाईलैंड में बैचलर ट्रिप एंजॉय करता नजर आ रहा है। सोशल मीडिया पर एक फोटो में जैकी भगनानी, रकुल प्रीत सिंह अपने करीबी दोस्तों और परिवार वालों के साथ यॉट पर चिल करते दिखाई दे रहे हैं। प्रज्ञा जायसवाल, रकुल प्रीत की खास दोस्त हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर ये तस्वीर शेयर की है। जैकी भगनानी और रकुल प्रीत पिछले 2 सालों से रिलेशनशिप में हैं। रकुल ने 2022 में अपने बर्थडे पर जैकी के साथ एक रोमांटिक फोटो पोस्ट कर अपने रिलेशनशिप को कंफर्म किया था। उन्होंने जैकी को उस साल का 'सबसे बड़ा गिफ्ट' बताया था। अपनी लव स्टोरी के बारे में रकुल ने एक इंटरव्यू में बताया था कि वो दोनों पड़ोसी थे, लेकिन कभी उनकी बातचीत नहीं हुई थी। फिर एक कॉमन फ्रेंड के जरिए दोनों मिले। इस मुलाकात के बाद दोनों में बातचीत शुरू हुई। कुछ समय की दोस्ती के बाद दोनों एक दूसरे को डेट करने लगे।



## 16 की उम्र में घर से भागी थीं मनीषा रानी

### *पापा डांस के खिलाफ थे*



हाल ही में 'बिग बॉस ओटीटी' फेम मनीषा रानी ने अपनी पहली लग्जरी कार मर्सिडीज बेंज A-क्लास खरीदी है। इस कार की कीमत तकरीबन 35 लाख रुपए है। साथ ही मनीषा ने बिहार में एक आलीशान घर भी खरीदा, जिसकी कीमत भी लाखों में है। इन रियलिटी शो 'झलक दिखला जा 11' में बतौर कंटेस्टेंट नजर आ रही मनीषा बिहार के मुंगेर से निकलीं एक इन्फ्लुएंसर और सोशल मीडिया स्टार हैं। सोशल मीडिया पर उनके 9 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। इस हफ्ते 'स्टार टॉक्स' में मनीषा ने हमसे अपनी जिंदगी के कई किस्से शेयर किए। मुझे बचपन से ही डांस का बहुत शौक था लेकिन पापा बहुत स्ट्रिक्ट थे। हालांकि, मैं ठान चुकी थी कि मैं अपने सपनों का बलिदान नहीं दूंगी। मैं 16 साल की थी, डांस सीखना चाहती थी पर पापा मुझे परमिशन नहीं दे रहे थे। एक दिन मैंने पापा को एक लेटर लिखा और एक दोस्त के साथ घर छोड़कर कोलकाता भाग गई। मैं अपने सपने पूरे करने के लिए जब घर से भागी, उस वक्त बस एक ही बात मेरे जहन में चल रही थी - 'जो चल रहा है, उससे बुरा क्या हो सकता है? क्या पता, मेरे मेहनत करने से हम सभी की जिंदगी में कुछ अच्छा हो जाए। जो होगा देखा जाएगा।' बस यहीं सोचकर मैंने घर से बाहर कदम रख दिया। अगर मैं ये कदम ना उठाती, तो घुट-घुटकर मर जाती। मेरी बड़ी बहन ने मेरे इस फैसले को सपोर्ट किया था। आज जब पीछे मुड़कर देखती हूं तो अपने पापा को गलत नही ठहराती। दरअसल, वो अपनी जगह पर बिलकुल सही थे। हम मिडिल क्लास बैकग्राउंड से थे। हमारे पास डांस वगैरा पर खर्च करने के लिए पैसे नहीं होते थे। हमारे पूरे खानदान में कभी कोई डांस या ग्लैमर फील्ड का हिस्सा भी नहीं रहा तो पापा उस वक्त डरे हुए थे। उन्हें इस बात का डर था कि यदि कुछ गलत हो गया तो समाज क्या कहेगा? घर के लोग उनपर उंगलियां तो नहीं उठाएंगे? आज पापा बहुत खुश हैं। वो मुझ पर गर्व महसूस करते हैं। मैं अपने शहर की इकलौती लड़की हूं जो नेशनल टेलीविजन पर आई, 'बिग बॉस' का हिस्सा रही और सोशल मीडिया पर इतनी पॉपुलर हूं। मेरे मुंगेर जिले (बिहार) के लोगों के लिए ये बहुत बड़ी बात है।